बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-71
22/01/2023

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में नवादा जिले में विकास योजनाओं का लिया जायजा, समस्याओं के समाधान हेतु अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

पटना, 22 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 'समाधान यात्रा' के क्रम में नवादा जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने नवादा जिलान्तर्गत नवादा प्रखंड की भगवानपुर पंचायत में कबीरपुर ग्राम का भ्रमण कर विकासात्मक कार्यों का जायजा लिया। उद्यान निदेशालय द्वारा भगवानपुर ग्राम में लगाई गई प्रदर्शनी, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के तहत आलू और गेहूं की हो रही खेती का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने जिला बागवनी विकास समिति नवादा, जिला उद्यान कार्यालय नवादा द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में जैविक तरीके से उत्पादित मशरूम, पान, केला, पपीता आदि का अवलोकन किया और उत्पादकों से बातचीत की। पॉली हाऊस में हाइड्रोफोनिक फार्मिंग के द्वारा लेटूस/बेसिल की खेती जैविक तरीके से उत्पादित टमाटर, अमरूद, मूली, बैगन आदि के संबंध में मुख्यमंत्री ने उत्पादकों से जानकारी ली। सामुदायिक भवन कबीरपुर में बिहार महादलित विकास मिशन के तहत संचालित भारती किशोर समूह की बालिकाओं से मुख्यमंत्री ने बातचीत की।

मुख्यमंत्री ने कबीरपुर ग्राम के भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर लाइट योजना, जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत जीर्णोद्धार किये गये कुएं, हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली और नाली योजना का जायजा लिया। सतत् जीविकोपार्जन योजना की लाभार्थी जीविका दीदियों द्वारा खोले गए राशन/श्रृंगार की दुकान एवं किए जा रहे गौपालन एवं मुर्गीपालन का भी मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के लाभुक को मुख्यमंत्री ने मौके पर चेक प्रदान किया। उद्योग विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना आदि के संबंध में दिए गए लाभ के संबंध में उन्होंने अधिकारियों से जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न जीविका समूहों की दीदियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सतत् जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत 545 लाभान्वित परिवारों हेतु 1 करोड़ 91 लाख रुपये का चेक एवं जीविका दीदियों को सतत् जीविकोपार्जन योजना का किट मुख्यमंत्री ने प्रदान किया। मुख्यमंत्री अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना, मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के लाभार्थियों को मुख्यमंत्री ने चेक प्रदान किया। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के लाभुकों एवं कुशल युवा कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित छात्रों को उन्होंने सर्टिफिकेट प्रदान किया। प्राथमिक विद्यालय, कबीरपुर में सात निश्चय योजना–2 के तहत महादलित, दलित, अल्पसंख्यक एवं अति पिछड़ा वर्ग अक्षर आंचल योजना के अंतर्गत संचालित साक्षर सखी अभियान का उन्होंने निरीक्षण किया। बुनियादी साक्षरता परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके दीदियों को मुख्यमंत्री ने प्रमाण–पत्र प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने पंचायत भगवानपुर सरकार भवन के समीप समेकित मत्स्य–सह–बत्तख पालन का जायजा लिया और अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। पुस्तकालय एवं कृषि विभाग द्वारा कृषि यंत्रों से संबंधित लगाई गई प्रदर्शनी का भी उन्होंने मुआयना किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि अनुदानित दर पर किसानों को दिए जाने वाले कृषि यंत्रों के संबंध में अधिक प्रचार–प्रसार करें ताकि किसान ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित हों। धान कुट्टी मशीन को लेकर लोगों को जागरूक करें। इसके द्वारा कुटाई किए गए चावल की गुणवत्ता काफी बेहतर होती है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग सभी जिलों में जाकर एक–एक चीज को देख रहे हैं। यह देखना जरुरी है कि कहां पर कितना काम हुआ है। गरीब–गुरबा तबके के लोगों के लिए जो काम किया जा रहा है उससे वे लोग और आगे बढ़ेंगे। कहीं जाने पर अगर यह पता चलता है कि यहां पर काम नहीं हो रहा है तो उसी समय हम जिलाधिकारी को इसे देखने के लिए कह देते हैं। यहां के साथ–साथ बाकी जगहों पर भी काम होना चाहिए। लोगों की बात सुनने से सभी बातों की जानकारी मिल जाती है। इस बार वर्षापात कम होने से बिहार के 9 जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हुये थे। इन इलाकों का हमने एरियल सर्वे किया था और कुछ जगहों पर जाकर हमने देखा भी था। कम वर्षापात के कारण जो किसान खेती नहीं कर पाये थे, उनको जो मदद देनी थी, हमलोगों ने दे दी है। इसके अलावा जो भी उपज हुयी है, उसका प्रोक्योरमेंट का काम भी चल रहा है। आगे और क्या किया जाना है उसको भी देखा जा रहा है। नवादा में गंगाजल पहुंचाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत जल्द गंगाजल नवादा के हर घर तक पहुंच जायेगा। इसी साल कुछ ही महीनों में उसे पूरा कर लिया जाएगा। हमने सुझाव दिया है कि गंगाजल को किस रास्ते से ले जाया जाए। गंगाजल पहुंचाने को लेकर काम तेजी से जारी है।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास, बुधौल (नवादा) का निरीक्षण किया। छात्रावास प्रांगण में मुख्यमंत्री ने पौधारोपण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सरकारी भवनों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा बताए गए सात सामाजिक पापों को अंकित करायें। छात्रावास निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने छात्रों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। कुशल युवा कार्यक्रम के तहत दिए जा रहे निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण, जननायक पुस्तकालय सह डिजिटल अध्ययन केंद्र का मुआयना कर उन्होंने छात्रों से बातचीत की और कमियों को दूर करने को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास में दीदी की रसोई का मुख्यमंत्री ने उद्‌घाटन किया और इसका निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि दीदी की रसोई को सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों तथा सरकारी छात्रावासों में संचालित किया जाना है, इसे जल्द से जल्द सभी जगह लागू करायें।

निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने काफी पहले जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास की शुरुआत करायी थी। हमने कई जगहों पर बहुत पहले ही इसको शुरु करा दिया था। किसी कारण से दो–तीन जगहों पर इसका निर्माण नहीं हो पाया था। इसे लेकर हम हमेशा रिव्यू करते रहते हैं। यहां का छात्रावास बनकर पहले से तैयार है। यहां पर पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं को सभी प्रकार की शिक्षा दी जा रही है। यहां पर एक–एक चीज को पढ़ाया और बताया जा रहा है। गरीब–गुरबा तबके के छात्र–छात्राओं के लिए यह सब इंतजाम कराया गया है। नवादा में पटना की तरह अच्छे पार्क के निर्माण की मांग के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्क का निर्माण भी यहां कराया जायेगा।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नेताओं एवं जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया। भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने जगह–जगह मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

समाधान यात्रा में जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, उद्योग मंत्री सह नवादा जिले के प्रभारी मंत्री श्री समीर कुमार महासेठ, विज्ञान एवं प्रावैद्यिकी मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह, विधायक मो0 कामरान, विधायक श्रीमती नीतू कुमारी, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, अपर मुख्य सचिव शिक्षा श्री दीपक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, सचिव अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण श्री दिवेश सेहरा, कृषि सचिव श्री एन0 सरवन कुमार, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जीविका सह मिशन निदेशक जल–जीवन–हरियाली अभियान श्री राहुल कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक विधि व्यवस्था श्री संजय सिंह, आयुक्त मगध प्रमंडल श्री मयंक बरबड़े, पुलिस महानिरीक्षक मगध प्रक्षेत्र श्री क्षत्रनील सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक सुरक्षा श्री मनोज कुमार, जिलाधिकारी नवादा श्रीमती उदिता सिंह, पुलिस अधीक्षक नवादा श्री अंबरीष राहुल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

******